# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 8 नवंबर, 2023

## IREDA ने CSR पोर्टल लॉन्च किया

भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (Indian Renewable Energy Development Agency- IREDA) ने CSR पहलों में पारदर्शिता में सुधार हेतु एक **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (Corporate Social Responsibility- CSR) पोर्टल** लॉन्च किया।

- इस पोर्टल को दिल्ली में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित **"सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 (30 अक्तूबर से 5 नवंबर)"** के समापन समारोह के दौरान लॉन्च किया गया था।
  - इस सप्ताह का विषय "**भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के लिये प्रतिबद्ध रहें**" **(Say no to corruption; commit to the Nation )** था, जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना तथा भ्रष्टाचार मुक्त कार्य वातावरण को बढ़ावा देना था।
- इस पोर्टल का उद्देश्य विभिन्न संगठनों एवं संस्थानों के माध्यम से CSR अनुरोधों की प्राप्ति और निपटान में पारदर्शिता की सुविधा प्रदान करना है।
- IREDA नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत **भारत सरकार का एक मिनी रत्न (श्रेणी- I)** उद्यम है।

**और पढ़ें...** 2020 में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन लागत: IRENA

## फ्लोरोसेंट लैंप का कलर स्पेक्ट्रम

फ्लोरोसेंट लैंप को आमतौर पर **6500K** जैसे मानों के साथ चिह्नित किया जाता है, जो **सहसंबद्ध रंग तापमान (correlated colour temperature)** का प्रतिनिधित्व करता है, यह लैंप द्वारा उत्सर्जित प्रकाश की वर्णक्रमीय विशेषताओं को दर्शाता है।

- सहसंबद्ध रंग तापमान **प्रकाश के वर्णक्रमीय वितरण** को दर्शाता है, जो **संकेतित तापमान पर** एक **काले पिंड** के समान है।
  - जब किसी काले पिंड को गर्म किया जाता है, तो यह अलग-अलग तापमान पर अलग-अलग रंग उत्सर्जित करता है। उदाहरण के लिये 6500K पर, यह ऐसी रोशनी उत्सर्जित करता है जो शीत दिन की रोशनी जैसी प्रतीत होती है।
- **फ्लोरोसेंट ट्यूबों को उनके रंग के आधार पर तीन प्रकारों** में वर्गीकृत किया जाता है: डेलाइट व्हाइट (5,000K से ऊपर), न्यूट्रल व्हाइट (4,000K), तथा वार्म व्हाइट (3,300K से नीचे)।
- प्रकाश का रंग ट्यूब के अंदर फ्लोरोसेंट कोटिंग पर निर्भर करता है।
  - आमतौर पर तीन प्रकार की कोटिंग होती हैं: **ट्राई-फॉस्फोर (सूरज की रोशनी के समान पीली रोशनी उत्सर्जित करना), स्टैंडर्ड फॉस्फोर (साधारण ट्यूब लाइट), और मल्टी-फॉस्फोर।**

**और पढ़ें...** उजाला कार्यक्रम

## कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (LLLAP)

हाल के आँकड़ों के अनुसार, **कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (LLLAP)** को न्याय तक समग्र पहुँच के लिये अभिनव समाधान तैयार करना (दिशा) योजना के तहत 14 कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से 6 लाख से अधिक लोगों तक पहुँचाया गया।

- **LLLAP** भारत सरकार के **विधि और न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग** की एक पहल है जिसका उद्देश्य जनता के बीच कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता बढ़ाना है।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य **लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, कर्त्तव्यों और अधिकारों** के साथ-साथ शिकायतों के निवारण के लिये उपलब्ध विभिन्न कानूनी तंत्रों के बारे में **शिक्षित करना** है।
- न्याय तक पहुँच के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिये **दिशा** को पाँच वर्ष यानी **2021-2026** की अवधि के लिये लॉन्च किया गया है। इसका उद्देश्य **कानूनी सेवाओं की नागरिक-केंद्रित पहुँच के लिये विभिन्न पहलों को डिज़ाइन तथा समेकित करना है।**
- दिशा के तहत अखिल भारतीय स्तर पर कार्यान्वित किये जा रहे कार्यक्रम हैं-**टेली-लॉ: रीचिंग द अनरीच्ड, न्याय बंधु (प्रो बोनो लीगल**

**सर्वसिज़) और कानूनी साक्षरता तथा कानूनी जागरूकता कार्यक्रम।**

**और पढ़ें..** [आभासी न्यायालय,](#) [AI-आधारित पोर्टल: SUPACE](#)

## रूस व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि से बाहर

हाल ही में रूस [व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (CTBT)](#) से बाहर हो गया है।

- CTBT सभी प्रकार के सैन्य तथा नागरिक दोनों उद्देश्यों के लिये सभी परमाणु परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाती है।
  - इस संधि पर वर्ष 1994 में जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन में चर्चा की गई, साथ ही इसको [संयुक्त राष्ट्र महासभा](#) द्वारा अपनाया गया।
- CTBT पर **रूस तथा संयुक्त राज्य अमेरिका सहित 187 राज्यों द्वारा हस्ताक्षर** किये गए थे, परंतु यह लागू नहीं हुई क्योंकि **संयुक्त राज्य अमेरिका सहित आठ देशों द्वारा इसकी पुष्टि नहीं** की गई है।
  - **भारत** द्वारा **अभी तक इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं** किये गए हैं।

**और पढ़ें...** [व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (CTBT)](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-8-november,-2023